# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति सं0–PR................./2019**

**माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 एवं शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 से संबंधित आवश्यक सूचना**

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 09/बि0वि0प0स0–14/2019/406 दिनांक 12.07.2019, पत्रांक अनु0 को0 (मा0)–01/2019 01 दिनांक 05.08.2019, पत्रांक अनु0 को0 (मा0)–01/2019 01–05 दिनांक 28.08.2019 एवं पत्रांक अनु0 को0 (मा0)–01/2019 01–06 दिनांक 30.08.2019 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में माध्यमिक/उच्च माध्यमिक स्तर के लिए माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) आयोजित करने हेतु निम्न रूपेण विषयवार पदों का विवरण प्राप्त हुआ है :–

| | माध्यमिक (वर्ग 9 एवं 10) विद्यालय हेतु एस0टी0ई0टी0 परीक्षा आयोजित करने के लिए **पेपर–I** के तहत विषयवार पद का विवरण | | उच्च माध्यमिक (वर्ग 11 एवं 12) विद्यालय हेतु एस0टी0ई0टी0 परीक्षा आयोजित करने के लिए **पेपर–II** के तहत विषयवार पद का विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0सं0** | **विषय** | **पद** | **विषय** | **पद** |
| 1 | अंग्रेजी | 5054 | अंग्रेजी | 2125 |
| 2 | गणित | 5054 | गणित | 2104 |
| 3 | विज्ञान | 5054 | भौतिकी | 2384 |
| 4 | सामाजिक विज्ञान | 5054 | रसायन शास्त्र | 2221 |
| 5 | हिन्दी | 3000 | प्राणी शास्त्र | 723 |
| 6 | संस्कृत | 1054 | वनस्पति शास्त्र | 835 |
| 7 | उर्दू | 1000 | कम्प्यूटर साईंस | 1673 |
| | कुल योग | **25270** | कुल योग | **12065** |

**2. चयन प्रक्रिया :**

**(क)** माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 में न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों का उच्च प्राप्तांक से न्यून प्राप्तांक के क्रम (घटते क्रम) में शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से विषयवार एवं कोटिवार पद का विवरण उपलब्ध कराये जाने के बाद कुल पद के बराबर अभ्यर्थियों का विषयवार एवं कोटिवार मेधा सूची तैयार किया जायेगा।

**(ख)** (i) उक्त परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को अधिमान देते हुए मेधा सूची में शामिल किया जायेगा।

(ii) समान प्राप्तांक एवं समान जन्म तिथि होने की स्थिति में स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेधा सूची में शामिल किया जायेगा।

(iii) समान अंक एवं समान जन्मतिथि एवं स्नातक/स्नातकोत्तर में भी समान प्राप्तांक होने की स्थिति में नाम के अंग्रेजी वर्णमाला (Alphabetical Letter) के अनुसार अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार की जायेगी।

**3. आवेदन करने की तिथि :**

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु केवल निर्धारित अहर्त्ता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाईन के माध्यम से समिति के वेबसाईट **www.bsebstet2019.in** पर आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क दिनांक **09.09.2019** से **18.09.2019** तक स्वीकार किये जायेंगे।

4. **परीक्षा कार्यक्रम :**

| **शिक्षक पात्रता** | **पाली** | **पेपर** | **समय** | **अवधि** |
|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक विद्यालय के लिए | प्रथम | **I** | पूर्वाह्न 10.00 बजे से 12.30 तक | 2 घंटा 30 मिनट |
| उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए | द्वितीय | **II** | अपराह्न 2.00 बजे से 4.30 बजे तक | 2 घंटा 30 मिनट |

5. **संरचना :–**

(i) पात्रता परीक्षा के प्रश्न बहुवैकल्पीय होंगे। (ii) प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।

(iii) प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। (iv) निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

6. **पेपर– I के लिए :–**

**क.** परीक्षा के विषय :

| **क्र.सं.** | **विषय** | **विषय कोड** | **योग्यता** (Qualification) |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | 101 | हिन्दी (स्नातक स्तर पर पठित) एवं बी0 एड0 |
| 2 | उर्दू | 102 | उर्दू (स्नातक स्तर पर पठित) एवं बी0 एड0 |
| 3 | संस्कृत | 103 | संस्कृत (स्नातक स्तर पर पठित) एवं बी0 एड0 |
| 4 | अंग्रेजी | 104 | अंग्रेजी (स्नातक स्तर पर पठित) एवं बी0 एड0 |
| 5 | गणित | 105 | (क) स्नातक स्तर पर गणित, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषय पठित एवं बी0 एड0।<br>(ख) इंजीनियरिंग से स्नातक, जिसमें गणित की विशेषज्ञता हो एवं बी0 एड0। |
| 6 | विज्ञान | 106 | (क) स्नातक स्तर प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विषय पठित एवं बी0 एड0।<br>(ख) इंजीनियरिंग से स्नातक, जिसमें विज्ञान की विशेषज्ञता हो एवं बी0 एड0। |
| 7 | सामाजिक विज्ञान | 107 | स्नातक स्तर पर सहायक विषय/प्रतिष्ठा विषय के अंतर्गत इतिहास, भूगोल, अर्थ शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र में से किसी दो विषय में उत्तीर्ण हो जिसमें अनिवार्यतः एक विषय इतिहास या भूगोल अवश्य हो एवं बी0एड0। |

**ख.** पेपर–**I** में पूछे जाने वाले प्रश्नों में 100 अंक निर्दिष्ट विषय–वस्तु से होंगे तथा 50 अंक शिक्षण–कला एवं अन्य दक्षताओं पर आधारित होंगे।

नोट : 1. निर्दिष्ट विषय–वस्तु – 100 अंक

2. शिक्षण–कला एवं अन्य दक्षता – 50 अंक

कुल – 150 अंक

**7. पेपर– I के लिए अहर्त्ता :–**

(क) भारत का नागरिक हो तथा बिहार राज्य के निवासी हो।

(ख) बिहार नगर निकाय / जिला परिषद् माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक नियोजन नियमावली, 2006 (समय–समय पर यथा संशोधित) द्वारा निर्धारित योग्यता/अहर्ता धारी अभ्यर्थी माध्यमिक शिक्षक/उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद हेतु माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 के अभ्यर्थी हो सकते हैं।

(ग) **पेपर–I** के तहत निर्धारित विषयों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ निर्दिष्ट विषय में स्नातक की डिग्री एवं बी0एड0 की डिग्री हो। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगों को न्यूनतम निर्धारित अंक में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(घ) संस्कृत एवं उर्दू विषयों में राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड/समिति से प्रदत्त शास्त्री एवं आलिम की डिग्री को स्नातक के समकक्ष माना जायेगा।

(ङ.) विभागीय अधिसूचना सं0 1142 दिनांक 01.07.2019 के आलोक में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता मानदंड तथा क्रिया–विधि) विनियम 2014 के तहत इंजीनियरिंग से स्नातक, जिसमें विज्ञान एवं गणित की विशेषज्ञता हो तथा बी0एड0 की अहर्त्ता धारण करते हों वैसे अभ्यर्थी पेपर–I के तहत विज्ञान एवं गणित विषय के माध्यमिक शिक्षक के लिए माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2019 में सम्मिलित हो सकते हैं।

(च) M.A. (Edn.) विषय को बी0एड0 के समकक्ष नहीं माना जायेगा।

**8. पेपर– II के लिए :–**

**क.** परीक्षा के विषय :

| क्र. सं. | विषय | विषय कोड | योग्यता (Qualification) |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 201 | अंग्रेजी में स्नातकोत्तर एवं बी0 एड0 |
| 2. | गणित | 202 | गणित में स्नातकोत्तर एवं बी0 एड0 |
| 3. | भौतिकी | 203 | भौतिकी में स्नातकोत्तर एवं बी0 एड0 |
| 4. | रसायन शास्त्र | 204 | रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर एवं बी0 एड0 |
| 5. | प्राणी शास्त्र | 205 | प्राणी शास्त्र में स्नातकोत्तर एवं बी0 एड0 |
| 6. | वनस्पति शास्त्र | 206 | वनस्पति शास्त्र में स्नातकोत्तर एवं बी0 एड0 |
| 7. | कम्प्यूटर साइंस | 207 | 'A' level from DOEACC and Post Graduate Degree in any subject. **OR** BE or B.Tech (Computer Science/IT) from a recognized University or an equivalent Degree or Diploma from an Institution/University recognized by the Govt. of India. **OR** BE or B. Tech (Any Stream) and Post Graduate Diploma in Computers form any recongized University. **OR** M.Sc. (Computer Science) / MCA or Equivalent form a recognized University. **OR** B.Sc. (Computer Science) / BCA or Equivalent and Post Graduate Degree in any subject form a recognized University. **OR** Post Graduate Diploma in Computer and Post Graduate Degree in any subject from a recognized University. **OR** 'B' Level from DOEACC and Post graduate degree in any subject. **OR** 'C' Level from 'DOEACC' Ministry of Information and Communication Technology and Graduation. **OR** MCA three years course (6 semester). |

**ख.** पेपर–**II** में पूछे जाने वाले प्रश्नों में 100 अंक निर्दिष्ट विषय–वस्तु से होंगे तथा 50 अंक शिक्षण–कला एवं अन्य दक्षताओं पर आधारित होंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) निर्दिष्ट विषय–वस्तु | – | 100 | अंक |
| (ii) शिक्षण–कला एवं अन्य दक्षता | – | 50 | अंक |
| कुल | – | 150 | अंक |

**ग.** पेपर–**II** में कम्प्यूटर साईंस विषय के लिए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) निर्दिष्ट विषय–वस्तु | – | 100 | अंक |
| (ii) सामान्य ज्ञान एवं अन्य दक्षता की परीक्षा | – | 50 | अंक |
| कुल | – | 150 | अंक |

**9. पेपर– II के लिए अहर्त्ता :–**

(क) भारत का नागरिक हो तथा बिहार राज्य के निवासी हो।

(ख) बिहार नगर निकाय/जिला परिषद् माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक नियोजन नियमावली, 2006 (समय–समय पर यथा संशोधित) द्वारा निर्धारित योग्यता/अहर्ता धारी अभ्यर्थी माध्यमिक शिक्षक/उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद हेतु माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 के अभ्यर्थी हो सकते हैं।

(ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से 50% अंक के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री एवं बी0एड0 की डिग्री । कम्प्यूटर सायंस विषय के अभ्यर्थियों के लिए बी0एड0 की योग्यता अनिवार्य नहीं है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगों को न्यूनतम निर्धारित अंक में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(घ) M.A. (Edn.) विषय को बी0एड0 के समकक्ष नहीं माना जायेगा।

**10. उम्र सीमा एवं छूट :–**

**(क)** माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 01.08.2019 को अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष की होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जायेगी।

**(ख)** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर निर्धारित किये गये कोटिवार उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा निम्नवत् होगी :–

| **कोटि** | **अधिकतम आयु सीमा** | **कोटि** | **अधिकतम आयु सीमा** |
|---|---|---|---|
| सामान्य पुरूष | 37 वर्ष | अति पिछड़ा वर्ग पुरूष/महिला | 40 वर्ष |
| सामान्य महिला | 40 वर्ष | अनुसूचित जाति पुरूष/महिला | 42 वर्ष |
| पिछड़ा वर्ग पुरुष/महिला | 40 वर्ष | अनुसूचित जनजाति पुरूष/महिला | 42 वर्ष |

**11. उत्तीर्णांक :–**

(क) माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 का न्यूनतम उत्तीर्णांक निम्नवत् होगा :–

| कोटि | उत्तीर्णांक |
|---|---|
| सामान्य | 50% अंक |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग | 45% अंक |

**12. प्रमाण–पत्र :–**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 में विषयवार एवं कोटिवार कुल पदों के बराबर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार की जायेगी। तद्नुसार प्रमाण–पत्र निर्गत किये जायेंगे।

**13. प्रमाण–पत्र की वैधता**–माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 में उत्तीर्ण उम्मीदवार को अधिकतम 7 वर्षों तक पात्रता परीक्षा के आधार पर शिक्षक बनने के योग्य माना जायेगा। परन्तु यह वैधता नियुक्ति हेतु प्रावधानित अधिकतम उम्र सीमा तक ही मान्य होगी।

## 14. शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 07/नि0 01–08/2011–1094 दिनांक 22.08.2019 एवं पत्रांक 07/नि0 01–08/2011–1134 दिनांक 30.08.2019 के द्वारा राज्य के मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के नियोजन के लिए योग्यता परीक्षा आयोजन करने का निदेश प्राप्त है।

**A.** बिहार पंचायत/नगर प्रारम्भिक शिक्षक नियमावली–2012 के अनुसार राज्य के मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के नियोजन के लिए निर्धारित अहर्त्ता के आधार पर शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 के लिए अहर्त्ता निम्नवत् है :–

(i) भारत के सभी नागरिक सम्मिलित हो सकते हैं।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण।

(iii) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से शारीरिक शिक्षा में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण।

**B. परीक्षा का विषय :–**

**(क)** शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 का प्रश्न पत्र दो खण्ड में होगा। प्रथम खण्ड में सामान्य ज्ञान की परीक्षा में 50 प्रश्न पूछे जायेगे एवं द्वितीय खण्ड में विषय विशेष से संबंधित 50 प्रश्न पूछे जायेगे।

**(ख)** सभी प्रश्न एक अंक के बहुवैकल्पिक होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प होंगे।

**(ग)** उक्त परीक्षा में गलत उत्तर के लिए किसी प्रकार के ऋणात्मक अंक का प्रावधान नहीं होगा।

**C. परीक्षा का समय** : पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक यानी 120 मिनट की होगी ।

**D. उम्र सीमा :–**

01.01.2019 को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सामान्य कोटि के लिए 37 वर्ष तथा सामान्य महिला के लिए, पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग महिला, अतिपिछड़ा वर्ग के लिए 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति, अनसूचित जनजाति के लिए 42 वर्ष होगी। प्रत्येक कोटि में दिव्यांग आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट होगी।

**E. उत्तीर्णता :–**

परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 50 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला एवं दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत उत्तीर्णांक होगा।

**F. प्रमाण–पत्र :–**

शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

**G.** योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण होने मात्र से ही नियोजन की बाध्यता नहीं मानी जायेगी। उत्तीर्ण आवेदकों से बाद में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा आवेदन प्राप्त कर रिक्त पदों के विरूद्ध विहित प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जायेगा।

**H. अनुदेशक का पद अंशकालिक होगा।**

**I. प्रमाण–पत्र की वैधता** :–उक्त परीक्षा के प्रमाण–पत्र की वैधता परीक्षाफल की तिथि से छः वर्ष तक की होगी।

## 15. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि :

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वेबसाईट www.bsebstet2019.in पर क्लिक करने पर माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 के पेपर–I एवं पेपर–II तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 का लिंक खुलेगा

इस लिंक पर क्लिक कर अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, जाति कोटि, लिंग, शैक्षणिक योग्यता, मोबाईल नं0, ई–मेल आई0डी0, स्थायी पता, पत्राचार पता आदि विवरण शुद्ध–शुद्ध अपलोड करेंगे।

**परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने का तरीका निम्नवत् है :–**

- बेवसाईट www.bsebstet2019.in
- आवेदन की प्रक्रिया दो चरण में पूर्ण होगी। (i) पंजीकरण, (ii) फॉर्म भरना।

(i) **पंजीकरण** – प्रथम बार में अभ्यर्थी "Register (New Candidate)" पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Initial Registration का पेज खुलेगा। उस पेज पर Post(s) Applied for* में ☐ Secondary Teacher (Paper-I) ☐ Senior Secondary Teacher (Paper-II) ☐ Physical Education & Health Instructor चुनेंगे। इसके बाद जिला, योग्यता, कोटि, लिंग, दिव्यांगता, अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर Submit and continue बटन क्लिक करेंगे। आवेदक को "Submit and Continue" बटन पर क्लिक करने से पहले सावधानी पूर्वक भरे गये विवरणों की जांच करनी होगी, क्योंकि इसके बाद के चरण में आवेदन में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। Submit करने के पश्चात आपके पंजीकृत मोबाईल पर SMS के माध्यम से एवं पंजीकृत ई–मेल आई0डी0 पर आवेदन संख्या (यूजर आई0डी0) एवं पासवर्ड भेजा जायेगा, जिसका उपयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए आगे Log in कर सकेंगे।

(ii) **फॉर्म भरना** – आवेदक के मोबाईल एवं ई–मेल पर उपलब्ध कराये गये आवेदन संख्या एवं पासवर्ड पोर्टल के मुख्य पेज पर Log in करने पर आवेदन–पत्र का पेज खुलेगा। उस पेज पर अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक विवरण भरेंगे। उसके बाद अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करेंगे। उसके बाद परीक्षा शुल्क की राशि का भुगतान करेंगे।

**पंजीकृत पर्ची की प्राप्ति** : भुगतान सफल होने के बाद पंजीकृत पर्ची (Registration Slip) उत्पन्न (Generate) होगा। आवेदक "Print Registration Slip" बटन पर क्लिक कर पंजीकृत पर्ची का प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

**अपलोड रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर** : अभ्यर्थी के फोटोग्राफ का स्कैन किए हुए साइज 100kb से 150 kb तक एवं आयाम 3.5cm × 4.5 cm होना चाहिए एवं हस्ताक्षर का स्कैन किया हुआ साईज 50kb से 100 kb तक होना चाहिए।

- रंगीन फोटोग्राफ हाल (Recent) का होना चाहिए एवं Background सफेद अथवा हल्का रंग का होना चाहिए एवं कैमरे के सामने का खींचा हुआ होना चाहिए तथा अभ्यर्थी की आँखें एवं चेहरा स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए।
- फोटो खींचवाने के समय टोपी, कोई कपड़ा अथवा काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है।
- यदि फोटोग्राफ में लाल–आँख (Red Eye Effect) का प्रभाव है, तो कृपया इसे Edit कर हटा दें।
- **परीक्षा शुल्क का भुगतान**–परीक्षा शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति होगी। इसके अलावे अन्य कोई माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं होगा।

**16.** ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने के पश्चात अभ्यर्थी के मोबाईल एवं ई–मेल पर यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड भेजा जायेगा एवं अभ्यर्थी का यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक समिति के उक्त वेबसाईट www.bsebstet2019.in पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

**नोट : ऑनलाईन के अलावे किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायगा।**

**17. परीक्षा शुल्क का विवरण :–**

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2019 तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019 का परीक्षा शुल्क :–

| **कोटि** | **माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2019** | | **शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा, 2019** |
|---|---|---|---|
| | केवल पेपर– I या पेपर–II | पेपर–I एवं पेपर–II दोनों | |
| सामान्य / पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष/महिला) | 500/– | 800/– | 500/– |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग (पुरूष/महिला) | 300/– | 500/– | 300/– |

**18.** यह आवश्यक है कि Online परीक्षा आवेदन पत्र स्वयं के द्वारा भरा जाए। किसी आवेदक का अपूर्ण रूप से भरा हुआ या दूसरे के द्वारा भराया गया अथवा एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत/रद्द कर दिया जायेगा।

**19.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा भरे गये विवरण गलत पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया जायेगा।

**20.** केवल घोषणा पत्र एवं आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर के लिए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTER) का प्रयोग वर्जित है।

**21.** उक्त दोनों परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

**22.** इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

**23.** उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए हेल्प लाईन नम्बर वेबसाईट www.bsebstet2019.in पर उपलब्ध है। इस पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना E-mail ID : helpdesk.bsebstet2019@gmail.com पर भेजी जा सकती है।

**24.** **परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त उक्त दोनों परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**